आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.12.2024 समय : 1905

- अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने शोल–बे उन्नीस में नवनिर्मित मैंग्रोव वॉकवे का उद्घाटन किया।
- राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से द्वीपसमूह में निरक्षरों, नवसाक्षरों और स्वैच्छिक शिक्षकों की पहचान करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण ''उल्लास'' की शुरूआत की गई है।
- स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से सभी कॉमन सर्विस सेंटर मालिकों के लिए, आयुष्मान भारत–पी एम जे ए वाई, सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड–दो हजार पच्चीस में 'रोचनात्मक भारत' पर सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- चिन्मय मिशन की ओर से सप्ताहव्यापी गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन कल से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा ने शोल–बे उन्नीस में नवनिर्मित मैंग्रोव वॉकवे का उद्घाटन किया। चार सौ पचास मीटर लम्बा और एक दशमलव दो मीटर चौड़ा मैंग्रोव वॉकवे शोल–बे उन्नीस डिंगी घाट को शोल–बे उन्नीस के समुद्र तट से जोड़ता है। इस पूरे वॉकवे का निर्माण लकड़ी और लड़की के खम्बो का उपयोग करके किया गया है। वॉकवे के करीब इको हट्स भी बनाए गए हैं, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगी। मैंग्रोव वॉकवे का निर्माण दक्षिण अण्डमान वन प्रभाग द्वारा इको टुरिज्म योजना के तहत किया गया है। शोल–बे उन्नीस की बुनियादी ढ़ांचे और पर्यटन क्षमता के विकास से कई वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उद्घाटन समारोह के अवसर पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, ग्राम प्रधान और पंचायती राज संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

<><><><><><><>

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से द्वीपसमूह के शिक्षा सदन में निरक्षरों, नवसाक्षरों और स्वैच्छिक शिक्षकों की पहचान करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण ''उल्लास'' की शुरूआत की गई। इस उद्घाटन समारोह में जिला, ब्लॉक, क्लस्टर, स्कूल स्तर और सामाजिक चेतना केंद्र के एन.आई.एल.पी. के पदाधिकारियों ने वर्चुअल रूप से इसमें भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल, ने रिमोट बटन

दबाकर सर्वेक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने इन द्वीपों को शत–प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उनके प्रयासों के लिए सर्वेक्षण में शामिल सभी पदाधिकारियों की समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उप निदेशक राज्य नोडल अधिकारी, एस सुरेश कुमार ने कहा कि सभी चिन्हित असाक्षरों और नवसाक्षरों को स्कूल भवन में स्थित निकटतम सामाजिक चेतना केंद्र में नामांकित किया जाएगा और आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने के योग्य बनाया जाएगा, ताकि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उन्हें साक्षर होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जा सके। परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण "सबका साथ–सबका विकास" के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण पेपरलेस होगा और उल्लास ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र और गणना की जाएगी। जिन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी नहीं है, वहां डेटा ऐप में सेव किया जाएगा और बाद में अपलोड किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सात सौ पांच पंजीकृत सर्वेक्षणकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से आज निदेशालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में राज्य स्वास्थ्य एजेंसी दक्षिण अंडमान के सभी कॉमन सर्विस सेंटर मालिकों के लिए, आयुष्मान भारत–पी एम जे ए वाई, सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। ए बी– पी एम जे ए वाई के नोडल अधिकारी डॉ. पी. लाल ने सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए कार्ड बनाने की प्रक्रिया और पात्रता मानदंडों को रेखांकित किया तथा आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रमुख पहलुओं पर भी चर्चा की। इस कार्यशाला का उद्देश्य सी एस सी मालिकों को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में शिक्षित करना था, इस योजना में सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया गया है। यह योजना सत्तर वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार सुनिश्चित करती है, जिसमें एकमात्र पात्रता मानदंड यह है कि व्यक्ति की आयु सत्तर वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, इस योजना के तहत नामांकित बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया जाएगा। सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना से लाभ उठाने के लिए अपना नामांकन कर सकते हैं या अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए वन प्रबंधन के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और संघर्ष समाधान कौशल पर एक सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह द्वारा नौ से तेरह दिसंबर के दौरान आयोजित किया गया था, जिसका कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड–दो हजार पच्चीस में 'रोचनात्मक भारत' पर सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अट्ठारह से चौलीस वर्ष आयु वर्ग के युवा और जनजातीय कलाकार इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित कलाकार एक महीने के अभ्यास एवं प्रदर्शन के लिए दिल्ली में रहेंगे। कलाकारों के लिए भोजन, आवास एवं स्थानीय परिवहन व्यवस्था, प्रदर्शन शुल्क एवं यात्रा व्यय संगीत नाटक अकादमी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा वहन किया जाएगा। इच्छुक कलाकार संस्कृति निदेशालय, सेलुलर जेल परिसर, श्री विजयपुरम तथा विभाग के ईमेल में सोलह दिसम्बर शाम चार बजे तक आवेदन जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन की ओर से सप्ताहव्यापी गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन कल से किया जा रहा है। कल चिन्मयमिशन के सभागार में शाम छह बजे पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल इस यज्ञ का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर चिन्मय मिशन कोयाम्बटूर की पूज्या स्वामिनी विमलानन्दा जी शाम छह बजे से श्रीमद भगवद गीता के चौंथे अध्याय पर प्रवचन देंगी। मिशन की ओर से श्रद्धालुओं को इस गीत ज्ञान यज्ञ में बढ़चढ़ कर भाग लेने को कहा गया है।

<><><><><><><>

श्री वीर हनुमान मन्दिर अपना तिरालिसवां वर्षगांठ लक्षरचना पूजा का आयोजन कर रहा है। यह पूजा कल से लेकर उनतीस दिसम्बर तक सुबह दस बजे से ग्यारह बजे और शाम छह बजे से सात बजे तक चलेगी। इसके अलावा मंगलवार, शनिवार को सुबह नौ बजे और शाम पांच बजे लक्षरचना पूजा की जाएगी तथा एक जनवरी को विशेष लक्षरचना पूजा का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को भगवान श्री वीर हनुमान जयंती और लक्षरचना पूजा में आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

ग्राम सभा की बैठक सुबह साढ़े दस बजे सत्रह दिसम्बर को विम्बर्लीगंज के ग्राम पंचायत हॉल में की जाएगी। सभी सदस्यों को इस बैठक में समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

एम. वी. सेन्टीनल ननकौड़ी होते हुए लिटिल अण्डमान, कार–निकोबार, चौरा, तेरेसा और कच्छाल के लिए उन्नीस दिसम्बर को सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और बाईस दिसम्बर को सुबह पांच बजे उन्ही रास्तों से होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। यात्री सोलह दिसम्बर से स्टार्स टिकटिंग काउंटर और ई–टिकटिंग पोर्टल से टिकट ले सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक दो मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में छत्तीस दशमलव आठ, लांग आइलैंड में अट्ठारह दशमलव छह, कार निकोबार में पांच, मायाबंदर में छह, वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में चार दशमलव छह और हटबे में इक्कीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि कल द्वीपों के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो सकती है। खराब मौसम के चलते मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>